## कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
### इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक–1220 / FP/UK/VELEC/31089/2017 :देहरादून:दिनांक: 02 ~~अक्टूबर~~ नवम्बर, 2018

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–मध्य क्षेत्र),
25 सुभाष रोड़, देहरादून।

विषयः– जनपद उत्तरकाशी के ब्लॉक मोरी के अन्तर्गत ग्राम–सालरा के विद्युतीकरण हेतु 4.25 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि0 को 30 वर्षों की लीज पर दिया जाना।
(ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या– FP/UK/VELEC/31089/2017)

सन्दर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक 8बी / यू0सी0पी0 / 09 / 29 / 2018 / एफ0सी0 / 387 दिनांक 29–05–2018.

महोदय,

कृपया भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून के उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिससे भारत सरकार द्वारा प्रश्नगत प्रकरण पर कतिपय शर्तो के तहत सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तो की अनुपालन आख्या प्रभागीय वनाधिकारी, टौंस वन पभाग, पुरोला, उत्तरकाशी के पत्रांक 567 / 12–1 दिनांक 05–09–2018 **(प्रति संलग्न)** के द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित की गई है, जिसे निम्न प्रकार संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है :–

1. **शर्त संख्या–1** के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा पत्यावर्तित भूमि के बदले 8.50 हे0 ग्राम पेंचक तोक सिविल सोयम भूमि पर प्रतिपूरक वृक्षारोपण एवं उसके 10 वर्षो तक रख–रखाव हेतु देय धनराशि रू0 23,68,653.00 मात्र ऑनलाईन चालान के माध्यम से जमा की जा चुकी है। (संलग्नक-1)
2. **शर्त संख्या–2** के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा एन0पी0वी0 की देय धनराशि रू0 27,92,250.00 मात्र ऑनलाईन चालान के माध्यम से जमा की जा चुकी है।
3. **शर्त संख्या–3** के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रेषित रिक्त स्थानों पर वृक्षारोपण की वचन बद्धता का प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। **(संलग्नक–2)**
4. **शर्त संख्या–4** के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रेषित एन0पी0वी0 की बचनबद्धता का प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। **(संलग्नक–3)**
5. **शर्त संख्या–5** के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा ऑनलाईन चालान के माध्यम से उपरोक्तानुसार कुल जमा धनराशि रू0 51,60,903.00 के रसीद की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। **(संलग्नक–4)**

अतः अनुरोध है कि विषयांकित प्रकरण पर भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की विधिवत स्वीकृति निर्गत किये जाने पर विचार करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मनोज चन्द्रन)
मुख्य वन संरक्षक

**संख्या 1220 / FP/UK/VELEC/31089/2017 दिनांकित।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. प्रभागीय वनाधिकारी, टौंस वन प्रभाग, पुरोला, उत्तरकाशी।
2. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण विद्युतीकरण खण्ड, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून।

(मनोज चन्द्रन)
मुख्य वन संरक्षक

sk hp